तापमान
अधिकतम 35.2°C
न्यूनतम 23.0°C

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, गुरुवार 23 जुलाई 2026

11 इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से सुरक्षा होगी...



12 एचईडब्ल्यूपी पर ब्रेक लगने से अटका विकास का पहिया






## खबर संक्षेप

### फर्जी पते पर पासपोर्ट बनवाकर विदेश भागा युवक

**गोहाना।** मूल रूप से गांव ईशापुर खेड़ी निवासी और वर्तमान में गोहाना के गुढ़ा रोड क्षेत्र में रहने वाले एक युवक पर फर्जी पते के आधार पर पासपोर्ट बनवाकर विदेश जाने का आरोप लगा है। स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की शिकायत पर शहर थाना गोहाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसटीएफ के अनुसंधान अधिकारी तेजबीर सिंह ने शिकायत में बताया कि सागर ने अपना वास्तविक पता छिपाकर सिरसा के शमशाबाद क्षेत्र के फर्जी पते के आधार पर 26 मार्च 2024 को पासपोर्ट बनवाया और उसी के जरिए विदेश चला गया। एसटीएफ ने पासपोर्ट जब्त कर पूरे मामले की जांच करने की मांग की है। जांच अधिकारी ने बताया कि मामले में जो भी आरोपी मिलेगा, उसपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### शिक्षकों पर शराब पीकर स्कूल आने का आरोप

**गोहाना।** गांव गंगाना के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में दो शिक्षकों पर शराब के नशे में ड्यूटी पर आने का आरोप लगा है। सूचना मिलने पर सरपंच और ग्रामीण स्कूल पहुंचे तथा पुलिस को बुलाया। पुलिस दोनों शिक्षकों को मेडिकल जांच के लिए अपने साथ ले गई। पुलिस के अनुसार मेडिकल रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है। इस मामले में फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत नहीं दी गई है।

### महिला शिक्षक से पर्स छीना, एक आरोपी काबू

**गोहाना।** शहर के फव्वारा चौक के निकट बाइक सवार दो बदमाशों ने एक महिला शिक्षक से पर्स छीन लिया। शिकायत के आधार पर शहर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार महिला ग्रामीण क्षेत्र के एक निजी स्कूल में अध्यापिका है। मंगलवार दोपहर स्कूल से लौटने के बाद वह पैदल अपने पति की दुकान की ओर जा रही थी। सरस्वती अस्पताल के पास पीछे से आए दो बाइक सवार युवकों ने हाथापाई कर उसका पर्स छीन लिया और रोहतक रोड की ओर फरार हो गए। जांच अधिकारी एएसआई विनोद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए गांव खानपुर कलां निवासी प्रवीन को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय ने आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।

## सात साल पुराने संजीत हत्याकांड में फैसला, चार दोषियों को उम्रकैद

■ 2019 में गोहाना बाईपास पर गोलियां मारकर की गई थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

बहुचर्चित शराब कारोबारी संजीत हत्याकांड में अदालत ने सात साल बाद फैसला सुनाते हुए चार आरोपियों को दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सिंह की अदालत ने सुरेंद्र उर्फ काला, अमित उर्फ मोनू, अमित उर्फ मीता और सतीश उर्फ नेहरा उर्फ विक्की को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

अदालत ने सुरेंद्र उर्फ काला, अमित उर्फ मोनू और अमित उर्फ मीता पर 13-13 हजार रुपये तथा सतीश उर्फ नेहरा उर्फ विक्की पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, 6 सितंबर 2019 की रात



गांव नैना ततारपुर निवासी शराब कारोबारी संजीत अपने साथी विनोद के साथ हांडा अस्पताल से लौट रहे थे। गोहाना बाईपास पर फल खरीदने के लिए जैसे ही वह वाहन से नीचे उतरे, पहले से घात लगाए बैठे हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं।

गोली लगने से संजीत की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में विनोद की शिकायत पर हत्या और आपराधिक साजिश की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने सुरेंद्र उर्फ काला, अमित उर्फ मोनू, सतीश उर्फ नेहरा उर्फ विक्की और अमित उर्फ मीता सहित अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस जांच में सामने आया था कि अप्रैल 2019 में हुए विवाद की रंजिश के चलते संजीत की हत्या की साजिश रची गई थी। सुनवाई के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से जुटाए गए साक्ष्य, तकनीकी प्रमाण और गवाहों के बयान अदालत के समक्ष प्रस्तुत किए। अभियोजन पक्ष ने हत्या को सुनियोजित साजिश बताते हुए मजबूत पैरवी की। अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर चारों आरोपियों को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई।

## आरओबी निर्माण स्थल पर हादसा गड्ढे में गिरने से बाइक सवार की मौत

■ निर्माणाधीन आरओबी पर सुरक्षा में लापरवाही का आरोप, एजेंसी के अधिकारियों पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

राठधाना रेलवे स्टेशन के पास निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के निकट बुधवार सुबह हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों ने निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए संबंधित निर्माण एजेंसी के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गांव खेड़ी मनाजात



निवासी मोहित अकबरपुर बारोटा स्थित एक निजी कंपनी में कार्यरत था। बुधवार सुबह ड्यूटी पूरी करने के बाद वह बाइक से घर लौट रहा था। राठधाना रेलवे स्टेशन के समीप निर्माणाधीन आरओबी के पास उसकी बाइक सड़क किनारे बने गहरे गड्ढे में जा गिरी। हादसा इतना गंभीर था कि मोहित की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के भाई आकाश ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। गहरे गड्ढों के आसपास न तो बैरिकेडिंग की गई थी, न ही चेतावनी बोर्ड लगाए गए थे और न ही रात के समय पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की गई थी। उनका कहना है कि यदि सुरक्षा मानकों का पालन किया गया होता तो यह हादसा टाला जा सकता था। मोहित अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है। वह परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद गांव में भी शोक का माहौल है।अकबरपुर बारोटा चौकी प्रभारी ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर निर्माण एजेंसी के संबंधित अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों की पड़ताल की जाएगी।

## मुरथल रोड पर 10 एकड़ में काटी जा रही तीन अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर



**सोनीपत।** नगर निगम ने बुधवार को मुरथल रोड पर विकसित की जा रही तीन अवैध कॉलोनियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए निर्माण कार्यों को ध्वस्त कर दिया। करीब 10 एकड़ क्षेत्र में बसाई जा रही इन कॉलोनियों में निगम की टीम ने जेसीबी की मदद से सड़क, प्लॉटिंग और अन्य निर्माण कार्यों को हटाया। एसडीओ मंजीत दहिया के नेतृत्व में नगर निगम की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और कार्रवाई की। कार्रवाई के साथ ही संबंधित कॉलोनाइजरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार पहली अवैध कॉलोनी विकास नगर, मुरथल रोड पर करीब 3 एकड़, दूसरी जीवन विहार, मुरथल रोड पर करीब साढ़े 3 एकड़ और तीसरी मामचंद अकादमी के पास करीब ढाई एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही थी।

## कॉलेजों में दाखिले की पहली मेरिट लिस्ट जारी, 27 तक फीस जमा कर सकेंगे विद्यार्थी

### यूजी दाखिले की पहली कटऑफ में बीसीए 75.8 और बीएससी बायो की 69.6 प्रतिशत तक पहुंची

### 23 कॉलेजों की 13500 से अधिक सीटों पर दाखिला प्रक्रिया शुरू, 28 जुलाई को आएगी दूसरी कटऑफ

### पहली कटऑफ में बीए 51 से 60 प्रतिशत, बीएससी और प्रोफेशनल कोर्सों में ज्यादा मारामारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले के महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम वर्ष (यूजी) में दाखिले का इंतजार कर रहे विद्यार्थियों का इंतजार बुधवार को खत्म हो गया। उच्चतर शिक्षा विभाग ने बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए, बीसीए सहित अन्य स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए पहली फाइनल कटऑफ जारी कर दी है। मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थी अब 27 जुलाई तक फीस जमा करवाकर दाखिला सुनिश्चित कर सकेंगे। पहली दाखिला प्रक्रिया पूरी होने के बाद 28 जुलाई को दूसरी कटऑफ सूची जारी की जाएगी। जिले के 23 राजकीय, निजी और एडिड महाविद्यालयों में 13,500 से अधिक सीटों पर दाखिला प्रक्रिया चल रही है। जारी पहली कटऑफ में विभिन्न कॉलेजों में बीएससी और प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में प्रतिस्पर्धा अधिक रही। हिंदू महाविद्यालय में बीसीए की कटऑफ सबसे अधिक 75.8 प्रतिशत, बीबीए 70.6 प्रतिशत, बीए 60.6 प्रतिशत, बीकॉम 58 प्रतिशत, बीएससी लाइफ साइंस 56 प्रतिशत और बीएससी



**सोनीपत।** हिंदू महाविद्यालय में पहली कट आफ जारी होने के बाद दस्तावेज चेक करवाने पहुंचे छात्र।

फिजिकल साइंस 54.4 प्रतिशत रही। वहीं राजकीय महिला महाविद्यालय, सेक्टर-12 में बीए की कटऑफ 51 प्रतिशत, बीकॉम 51.80 प्रतिशत, बीएससी 66.20 प्रतिशत, बीए इंग्लिश ऑनर्स 61.80 प्रतिशत और बीए जियोग्राफी ऑनर्स 61.73 प्रतिशत रही। जीवीएम कन्या महाविद्यालय में बीएससी बायो की कटऑफ 69.6 प्रतिशत, बीसीए 68.2 प्रतिशत, बीकॉम (एसएफएस) 63.3 प्रतिशत, बीकॉम एडिड 63.2 प्रतिशत, बीएससी लाइफ साइंस 59.4 प्रतिशत और बीए 56 प्रतिशत रही। उच्चतर शिक्षा विभाग ने इससे पहले निर्धारित सीटों के मुकाबले कम आवेदन आने के कारण पंजीकरण की अंतिम तिथि में तीन बार विस्तार किया था। विभाग ने 31 मई के बाद 15 जून, फिर 30 जून और अंत में 12 जुलाई तक पंजीकरण का मौका दिया था। इसके बावजूद जिले के कॉलेजों में करीब 85 से 90 प्रतिशत सीटों के लिए ही आवेदन प्राप्त हुए हैं।

### ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से जमा होगी फीस

विद्यार्थियों की सुविधा के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग ने फीस जमा करने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों विकल्प उपलब्ध कराए हैं। मेरिट सूची में चयनित विद्यार्थी ऑनलाइन फीस जमा कर अपना दाखिला सुरक्षित कर सकते हैं, लेकिन बाद में कॉलेज पहुंचकर दस्तावेज सत्यापन करवाना अनिवार्य होगा। वहीं विद्यार्थी कॉलेज पहुंचकर भी फीस जमा कर सकते हैं।बिना फीस जमा करवाए और दस्तावेज सत्यापन के दाखिला प्रक्रिया पूर्ण नहीं मानी जाएगी।

### सीटें खाली रहने पर चार अगस्त से काउंसिलिंग

कॉलेजों में पहली और दूसरी कटऑफ के बाद भी यदि सीटें खाली रहती हैं तो चार अगस्त से काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कॉलेज प्रशासन ने विद्यार्थियों से निर्धारित समय सीमा में दाखिला प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है। जीवीएम कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य मंजुला स्पाह ने बताया कि उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने पहली कटऑफ जारी कर दी है।

## मिट्टी के ढेर पर खेलते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया बच्चा, पीजीआई रेफर

**खरखौदा।** गांव फरमाना में बुधवार को एक दर्दनाक हादसे में 12 वर्षीय बालक हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। घायल बालक रोहन को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, मोहाना-फरमाना मार्ग के पास खेतों में ईंट-भट्ठे के लिए मिट्टी के ऊंचे-ऊंचे ढेर लगाए गए हैं। खेलते समय रोहन इन मिट्टी के ढेरों पर चढ़ गया। इसी दौरान वह ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन के संपर्क में आ गया और करंट लगने से गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।



परिजन और ग्रामीण तुरंत बालक को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### भाइयों पर हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**खरखौदा।** पुलिस ने लकड़ी के बिट्टों से हमला कर दो भाइयों को गंभीर रूप से घायल करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विजय निवासी गांव भालौठ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस के अनुसार, गांव फरमाणा निवासी अनुज ने 20 जुलाई को थाना खरखौदा में शिकायत दी थी कि वह और उसका बड़ा भाई रोहित खरखौदा कोर्ट से घर लौट रहे थे। जब दोनों बस अड्डा खरखौदा के पास कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के सामने पहुंचे तो गांव के आकाश, मनीष और एक अन्य युवक ने कार आगे लगाकर उनका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि तीनों युवकों ने हाथों में लिए लकड़ी के बिट्टों से दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। हमले में दोनों के हाथ-पैर और सिर में गंभीर चोटें आईं। दोनों घायलों का उपचार पीजीआई रोहतक में चल रहा है।

## जाट जोशी में ही बनेगा शहर का नया बस स्टैंड : विधायक

### इलेक्ट्रिक बस स्टेशन और चार्जिंग हब भी होगा विकसित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोनीपत के नए बस स्टैंड के स्थान को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया है। अब नया बस स्टैंड राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव जाट जोशी स्थित परिवहन विभाग की भूमि पर ही बनाया जाएगा। इस संबंध में विधायक निखिल मदान ने बुधवार को चंडीगढ़ में परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राज शेखर वुंडू और निदेशक वीरेंद्र दहिया के साथ बैठक कर परियोजना की प्रगति पर चर्चा की। बैठक में बताया गया कि जाट जोशी स्थित 9.33 एकड़ भूमि में से 6.33 एकड़ क्षेत्र में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के तहत अत्याधुनिक बस स्टैंड विकसित किया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने डीआईएमटीएस को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट

■ विधायक निखिल राज्य परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राज शेखर वुंडू और निदेशक वीरेंद्र दहिया से मिले



### 200 से 250 बसों के संचालन की सुविधा होगी

विधायक निखिल मदान ने बताया कि नए बस स्टैंड में 200 से 250 बसों के संचालन, यात्रियों के लिए आधुनिक प्रतीक्षालय, दुपहिया व चारपहिया पार्किंग, व्यावसायिक परिसर और इलेक्ट्रिक बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। शेष लगभग तीन एकड़ भूमि पर इलेक्ट्रिक बस स्टेशन और चार्जिंग हब बनाया जाएगा। अन्य सुविधाएं पर बस स्टेशन पर मिलेगी।

(डीपीआर) तैयार करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि केएमपी के पास बस स्टैंड बनाने का प्रस्ताव इसलिए आगे नहीं बढ़ाया गया, क्योंकि वहां परिवहन विभाग के पास भूमि उपलब्ध नहीं थी और वह अन्य तकनीकी मानकों पर भी उपयुक्त नहीं था।

## ठगी का शिकार युवक ही बना साइबर अपराधियों का साथी

### गोहाना के युवक पर आरोप, 64 लाख के लेनदेन का खुलासा

■ चार बैंक खातों का किया इस्तेमाल, देश के कई राज्यों के फैला नेटवर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान साइबर क्राइम थाना पुलिस ने 64 लाख रुपये के संदिग्ध लेनदेन से जुड़े एक 'म्यूल अकाउंट' का खुलासा किया है। पुलिस ने गोहाना क्षेत्र निवासी सुनील के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि शेयर ट्रेडिंग के नाम पर साइबर ठगी का शिकार होने के बाद आरोपित कमीशन के लालच में साइबर गिरोह का सहयोगी बन गया और अपने बैंक खातों के जरिए ठगी की रकम इधर-उधर ट्रांसफर कराने लगा। साइबर क्राइम थाना में तैनात युद्धवीर सिंह ने शिकायत में बताया कि 14सी पोर्टल पर मिले संदिग्ध बैंक खातों के सत्यापन के दौरान कोटक महिंद्रा बैंक के एक खाते की जांच की गई। तकनीकी विश्लेषण और बैंक रिकॉर्ड की पड़ताल में इस खाते से दिल्ली, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश और तमिलनाडु में दर्ज पांच साइबर ठगी की शिकायतें जुड़ी मिलीं। बैंक स्टेटमेंट की जांच में करीब 64 लाख रुपये के संदिग्ध लेनदेन का पता चला। पूछताछ में सुनील ने बताया कि उसने फेसबुक पर शेयर ट्रेडिंग का विज्ञापन देखकर अपनी जानकारी साझा की थी। इसके बाद विदेशी व्हाट्सएप नंबरों के माध्यम से उससे 21 हजार रुपये की ठगी की गई। बाद में ठगों ने अधिक कमाई का झांसा देकर उसके बैंक खातों का इस्तेमाल करने का प्रस्ताव दिया, जिसे उसने स्वीकार कर लिया। जांच में सामने आया कि आरोपित ने कोटक महिंद्रा बैंक के अलावा यस बैंक, आईडीएफसी बैंक और यूनियन बैंक के अपने खातों का भी उपयोग किया। उसने बैंक दस्तावेज और अन्य जरूरी जानकारी साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराई। कई बार ठग मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी लेकर खुद ही खातों से रकम स्थानांतरित कर देते थे और बदले में उसे कमीशन दिया जाता था।

### ये होता है म्यूल अकाउंट

पुलिस के अनुसार 'म्यूल अकाउंट' ऐसे बैंक खाते होते हैं, जिनका उपयोग साइबर अपराधी ठगी की रकम को एक खाते से दूसरे खाते में भेजकर उसकी वास्तविक पहचान छिपाने के लिए करते हैं। ऐसे मामलों में खाते उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति पर भी कानूनी कार्रवाई होती है। पुलिस अब आरोपित के विदेशी संपर्कों, बैंक खातों की पूरी श्रृंखला और साइबर गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही है।

## अगवानपुर अंडरपास को मिलेगी रफ्तार, बिजली लाइन शिफ्टिंग के लिए रेलवे ने किया निरीक्षण




**गन्नौर।** अगवानपुर रेलवे फाटक के पास राजलू गढ़ी रोड पर बन रहे रेलवे अंडरपास के निर्माण में बाधा बनी बिजली आपूर्ति लाइन को शिफ्ट करने के लिए रेलवे अधिकारियों ने बुधवार को मौके का निरीक्षण किया। लंबे समय से अटकी समस्या के समाधान को लेकर दिल्ली से पहुंचे रेलवे निर्माण शाखा के अधिकारियों ने बिजली विभाग के अधिकारियों और ठेकेदारों के साथ चर्चा की। रेलवे के एक्सईएन जितेंद्र ककरोड़ और एसएसई राजेंद्र अग्रवाल ने बिजली विभाग के ग्रामीण कार्यालय के जेई गोपीचंद तथा रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य त्रिलोकचंद के साथ निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। बिजली विभाग के अधिकारियों ने लाइन हटाने के लिए संबंधित ठेकेदार को भी मौके पर बुलाया, लेकिन कम जगह और पानी भराव की समस्या के कारण ठेकेदार ने काम करने में असमर्थता जताई। इसके बाद रेलवे फ्लाईओवर निर्माण कर रहे ठेकेदार को भी सहयोग करने के निर्देश दिए गए।रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य त्रिलोकचंद ने अधिकारियों को बताया कि अंडरपास निर्माण करीब डेढ़ साल से चल रहा है। वर्तमान में रास्ता पूरी तरह बंद होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



हेल्थ क्वेस्ट

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# हाई बीपी की वजह से जब महसूस हो सिरदर्द



**मेरी उम्र 43 वर्ष है। हाल ही में मुझे हाई बीपी की समस्या का पता चला। अकसर सिरदर्द और चक्कर महसूस होता है। कृपया बताएं मुझे कौन सी दवा और कैसी डाइट लेनी चाहिए?**

**-शेखर, बिलासपुर**

आपको तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वे एक हफ्ते तक बीपी मॉनिटर करेंगे। आपका बीपी कब बढ़ता है, किस समय ज्यादा होता है, इसका पता करेंगे। इसके बाद वह दवा डिसाइड करेंगे। बिना जांच के कोई भी बीपी की दवा खाना ठीक नहीं रहेगा। इसलिए डॉक्टर पूरा मॉनिटर करने के बाद ही दवा सजेस्ट करेंगे। उसे आपको रेग्युलर खाना होगा।

**मेरी उम्र 32 वर्ष है। बरसात के मौसम में मेरी स्किन पर लाल-लाल दाने और रैशेज हो जाते हैं। इनमें ईचिंग होती है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-जितेश, जांजगीर चांपा**

आपने यह नहीं बताया कि ये दाने पानी वाले हैं या सूखे? क्योंकि दोनों तरह के दाने का कारण अलग-अलग होते हैं। फिलहाल आप इन दानों को नाखून से खुजलाएं नहीं और इन पर नारियल का तेल लगाएं। अगर ज्यादा परेशानी हो रही हो तो आप त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर सकते हैं। फिलहाल कोई भी एंटी एलर्जी दवा आप ना लें।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। बरसात के मौसम में मेरे पैर की अंगुलियों के बीच फफोले पड़ जाते हैं। इससे चलने-फिरने में काफी दिक्कत होती है। कृपया बताएं कि इससे कैसे निजात पाया जाए?**

**-देवेंद्र, महासमुंद**

क्या आपके पैर बरसाती पानी में अधिक रहते हैं? क्योंकि कई बार इस पानी में गंदगी मिली होती है, जिससे पैरों में इंफेक्शन हो जाता है। अगर ऐसा है तो आप घर आकर पैरों को साबुन से धोएं और ठीक तरीके से पोंछें। अगर संभव हो तो डिसइंफेक्टेंट मिले पानी से धुलें और फिर उस के बाद सुखाकर नारियल तेल भी लगा सकते हैं। इससे आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। कुछ माह पहले किडनी में स्टोन का ऑप्रेशन हुआ था। कुछ दिनों से उसी स्थान पर दर्द हो रहा है। प्लीज बताएं अब मुझे क्या करना चाहिए?**

**-मुकेश, भोपाल**

आपको डॉक्टर से संपर्क कर एक अल्ट्रासाउंड कर लेना चाहिए। अगर आपका ऑप्रेशन हो चुका है तो स्टोन के दर्द की संभावना बहुत कम है। हो सकता है कि इंफेक्शन की वजह से यह समस्या आ रही हो, लेकिन बगैर जांच कराए कुछ भी करना ठीक नहीं है।

**मेरी उम्र 50 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मुझे सर्दी-खांसी की समस्या लगातार बनी हुई है। कफ-सिरप और दवाइयां भी कुछ खास असर नहीं कर रहीं। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-कमलेश, जींद**

आप बता रहे हैं कि खांसी लंबे समय से आ रही है तो आपको डॉक्टर से संपर्क कर जांच करवा लेनी चाहिए। वैसे भी 2 सप्ताह से अधिक खांसी होने पर टीबी की जांच जरूर करा लेनी चाहिए। मौजूदा मौसम में वायरल इंफेक्शन भी हो जाता है, जिससे खांसी आती है। लेकिन आप फिलहाल फ्रिज में रखी चीज और ठंडा पानी पीना बिल्कुल बंद कर दें। बाजार का पानी भी न पिएं। इसके बाद भी राहत नहीं मिलती तो जरूर डॉक्टर से संपर्क कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। बरसात के मौसम में मेरी अस्थमा की समस्या बढ़ जाती है। कृपया बताएं कि ऐसा क्या करूं, जिससे इस बरसात के मौसम में स्वस्थ रह सकूं।**

**-रत्नेश्वर, जबलपुर**

आपको घर से निकलते समय मुंह और नाक पर मास्क लगा लेना चाहिए। साथ ही जब तेज हवा या आंधी चले तो कोशिश करें घर के अंदर रहें, क्योंकि अस्थमा रोगियों को धूल से दिक्कत हो जाती है। इस तरह बचाव करके ही आपको राहत मिलेगी। लेकिन ज्यादा दिक्कत हो रही हो तो डॉक्टर से संपर्क कर आप इनहेलर या कोई दवा लिखवा सकते हैं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

स्पेशलः वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे, 28 जुलाई

हेपेटाइटिस, लिवर यानी यकृत में होने वाला गंभीर वायरल संक्रमण है। अलग-अलग कारणों, लक्षणों और गंभीरता के स्तर पर इसके कई प्रकार होते हैं। इन सभी का प्रॉपर ट्रीटमेंट संभव है लेकिन इसके लिए समय रहते हेपेटाइटिस की पहचान होना जरूरी है। इसलिए यहां डिटेल में हेपेटाइटिस के कारणों, उसके लक्षणों और इससे बचने के उपायों के बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर्स बता रहे हैं।

# हेपेटाइटिस समय पर पहचान से पॉसिबल है प्रॉपर ट्रीटमेंट








डॉक्टर्स एडवाइस

हर साल 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को हेपेटाइटिस के प्रति जागरूक करना, समय पर जांच कराने के लिए प्रेरित करना और इस बीमारी से होने वाली गंभीर जटिलताओं को रोकना है।

## कैसे फैलता है हेपेटाइटिस

हेपेटाइटिस रोग और इसके होने के कारणों के बारे में रीजेंसी हॉस्पिटल, गोरखपुर के कंसल्टेंट-गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, **डॉ. सचिन एच. जे.** बताते हैं कि हेपेटाइटिस एक वायरल संक्रमण है, जिसमें लिवर (यकृत) में सूजन आ जाती है। यह मुख्य रूप से हेपेटाइटिस ए, बी, सी, डी और ई वायरस के कारण होता है। इनमें हेपेटाइटिस ए और ई आमतौर पर दूषित भोजन और पानी के सेवन से फैलते हैं, जबकि हेपेटाइटिस बी और सी संक्रमित रक्त, असुरक्षित इंजेक्शन, संक्रमित सुई, असुरक्षित यौन संबंध तथा संक्रमित मां से नवजात शिशु में फैल सकते हैं। वहीं, हेपेटाइटिस डी केवल उन लोगों में होता है जो पहले से हेपेटाइटिस बी से संक्रमित होते हैं। संक्रमण के प्रकार के अनुसार बीमारी कुछ मामलों में कुछ सप्ताह में ठीक हो सकती है, जबकि कई मामलों में यह लंबे समय तक लिवर को नुकसान पहुंचाकर गंभीर रूप ले सकती है।

## लापरवाही हो सकती है खतरनाक

हेपेटाइटिस एक ऐसी बीमारी है, जिसमें लिवर में सूजन आ जाती है। यदि समय रहते इसका इलाज न कराया जाए तो यह लिवर सिरोसिस, लिवर फेलियर और लिवर कैंसर जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकती है।

## नहीं दिखते स्पष्ट लक्षण

हेपेटाइटिस रोग होने पर सबसे बड़ी चुनौती यह है कि शुरुआती चरण में अकसर इसके कोई स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते हैं। यही वजह है कि कई लोग वर्षों तक इस संक्रमण के साथ सामान्य जीवन जीते रहते हैं और उन्हें पता ही नहीं चलता कि उनका लिवर धीरे-धीरे प्रभावित हो रहा है। जब तक लक्षण सामने आते हैं, तब तक बीमारी कई बार गंभीर अवस्था में पहुंच चुकी होती है। इसलिए हेपेटाइटिस के सामान्य लक्षणों के बारे में सजग रहना बहुत जरूरी है।

## हेपेटाइटिस के प्रमुख लक्षण

हेपेटाइटिस के लक्षण अलग-अलग रोगियों में अलग तरह के हो सकते हैं। इसके प्रमुख लक्षणों में बिना कोई परिश्रम किए, लगातार थकान महसूस होना, भूख कम लगना, मितली, उल्टी, लंबे समय तक हल्का बुखार बने रहना, पेट के दाईं ओर दर्द, आंखों और त्वचा का पीला पड़ना (पीलिया), गहरे रंग का पेशाब आना, हल्के रंग का मल तथा शरीर में कमजोरी शामिल हो सकती है। ऐसे किसी भी लक्षण के दिखाई देने पर बिना देरी किए डॉक्टर से परामर्श लेकर आवश्यक जांच करानी चाहिए। इसमें लापरवाही बरतना जान लेवा हो सकता है।

## टीकाकरण-इलाज से बचाव संभव

अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. संचयन रॉय**, हेपेटाइटिस से बचाव के लिए कुछ सरल लेकिन प्रभावी उपायों के बारे में बताते हैं। उनके अनुसार, 'हेपेटाइटिस बी का सुरक्षित और प्रभावी टीका उपलब्ध है, इसलिए नवजात शिशुओं से लेकर जोखिम वाले वयस्कों तक सभी को डॉक्टर की सलाह के अनुसार टीकाकरण कराना चाहिए। साफ और सुरक्षित पानी का ही सेवन करें, भोजन की स्वच्छता का ध्यान रखें, केवल नई और स्टेराइल सुई का इस्तेमाल करें। बिना जांचे हुए रक्त कभी ट्रांसफ्यूज न करवाएं। हमेशा सुरक्षित यौन संबंध अपनाएं। टैटू या पियर्सिंग हमेशा प्रमाणित केंद्रों पर ही कराएं। यानी जहां पर हाइजीन और सुरक्षा मानकों का पालन किया जाता है। यदि किसी व्यक्ति को हेपेटाइटिस बी या सी का खतरा है या परिवार में किसी को यह संक्रमण है, तो समय पर ब्लड टेस्ट कराना बेहद जरूरी है। आज हेपेटाइटिस बी को दवाओं से नियंत्रित किया जा सकता है और हेपेटाइटिस सी का आधुनिक एंटीवायरल दवाओं से अधिकांश मामलों में सफल इलाज संभव है। इसलिए समय पर जांच और उपचार से गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है।'



## सबसे जरूरी है जागरूकता

हेपेटाइटिस के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार जागरूकता, समय पर जांच, टीकाकरण और सही इलाज है। इस बीमारी की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि कई लोगों में लंबे समय तक कोई स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते, जिससे संक्रमण का पता देर से चलता है। ऐसे में जोखिम वाले लोगों को नियमित जांच करानी चाहिए और लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

## इन उपायों से होगा बचाव

हेपेटाइटिस से बचाने के लिए आप अपने दैनिक जीवनचर्या में यहां बताई जा रही बातों को अमल में लाकर सुरक्षित रह सकते हैं।

- हमेशा स्वस्थ और अनुशासित जीवनशैली को अपनाएं।
- स्वच्छ, ताजे और पौष्टिक भोजन का सेवन करें। हमेशा स्वच्छ और संक्रमणमुक्त पानी ही पिएं। सबसे ज्यादा संक्रमण पानी से ही होता है इसलिए आरओ का पानी या फिल्टर किया हुआ पानी या फिर अच्छी तरह उबाले गए पानी को ही ठंडा कर पीना चाहिए।
- जब भी इंजेक्शन लगवाना हो तो केवल स्टेराइल सुई या डिस्पोजेबल नीडिल का ही का उपयोग करना चाहिए।
- संक्रमित रक्त से बचाव भी जरूरी है। इसलिए ब्लड ट्रांसफ्यूजन से पहले जरूरी सावधानी बरतें। परीक्षित रक्त ही ट्रांसफ्यूज करवाएं।
- हेपेटाइटिस ए और हेपेटाइटिस ई से संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से बचना चाहिए क्योंकि इसका संक्रमण रोगी के संपर्क में आने से फैल सकता है।

ये सभी उपाय संक्रमण रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि हर व्यक्ति अपने लिवर के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे और समय रहते सही कदम उठाए, तो हेपेटाइटिस से होने वाली अधिकांश गंभीर जटिलताओं और मौतों को रोका जा सकता है। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**


सीजनल केयर

निकिता चौहान

# आयुर्वेदिक काढ़े से बढ़ेगी इम्यूनिटी

मानसून के दौरान तापमान में उतार-चढ़ाव होता रहता है। इस कारण कुछ लोगों को जुकाम, खांसी, स्किन पर रैशेज, दाने, लूजमोशम, बुखार आदि समस्याएं होने लगती हैं। ऐसा उन लोगों के साथ ज्यादा होता है, जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी थोड़ी वीक होती है। इसलिए यहां आपको कुछ ऐसी जड़ी-बूटियों के बारे में बता रहे हैं, जिनका काढ़ा आप घर में ही आसानी से बनाकर पी सकते हैं, इससे आपकी इम्यूनिटी मजबूत होगी।

**गिलोयः** गिलोय की तासीर एंटी-पायरेटिक होती है, जो शरीर की गर्मी को खत्म करती है और कई बीमारियों से राहत दिलाता है जैसे डेंगू, मलेरिया, वायरल बुखार आदि में गिलोय का काढ़ा राहत प्रदान करता है।



**अश्वगंधाः** अश्वगंधा में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो मानसून में होने वाले वायरल इंफेक्शन से लड़ने में मदद करते हैं।

**चिरायताः** बारिश के मौसम में पेट का संक्रमण बढ़ जाता है। जिस कारण एसिडिटी और लूज मोशन होने लगते हैं। चिरायता में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं, जो हमारे पेट के संक्रमण को कम करने में मदद करते हैं।

**मुलेठीः** मानसून में उमस के करण शरीर पर चिपचिपाहट बढ़ जाती है, जिस वजह से रैशेज और खुजली होती है। मुलेठी में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। यह इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाता है।

**सोंठः** बारिश के मौसम में पेट खराब होने के साथ, जुकाम, खांसी और बुखार आदि के मामले बढ़ जाते हैं। सोंठ में एंटीवायरल और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं। इसका काढ़ा पीने से मानसून में होने वाली बीमारियों से लड़ने में मदद मिलती है।

**मोथा घासः** मोथा घास को आयुर्वेद में बेहद लाभकारी माना गया है। यह मानसून सीजन में होने वाली खांसी, जुकाम, बुखार और स्किन से जुड़ी समस्यायों से राहत प्रदान करता है।

**आमलकीः** आमलकी में विटामिन-सी खूब पाया जाता हैं, जो मानसून में होने वाली बीमारियों से बचाव करता है।

**बनाने का तरीकाः** यहां बताई गई सभी जड़ी-बूटियों को 30-30 ग्राम लें। सिर्फ सोंठ को 20 ग्राम ही लें। सभी को रात में पानी में भिगोकर रख दें। इसके बाद सुबह सभी जड़ी बूटियों को पानी में डालकर तेज आंच पर गर्म कर लें। अब काढ़ा तैयार है। फिर इसको हल्का ठंडा होने के बाद आधा गिलास सुबह और आधा गिलास शाम को पिएं। यह काढ़ा इस मौसम में रोगों से बचाव में बहुत उपयोगी है। लेकिन बेहतर होगा कि अपने डॉक्टर से कंसल्ट करके ही इस काढ़े का सेवन करें। *

**(आयुर्वेदिक विशेषज्ञ डॉ. श्रेय शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

डिजीज

अंशु सिंह

सीआरपीएस एक असामान्य लेकिन बहुत पीड़ादायक समस्या है। यह वास्तव में नर्व्स से जुड़ी समस्या है। ऐसे में इसके लक्षणों को पहचानकर सही उपचार से ही रोगी को राहत मिल सकती है। इस बारे में विस्तार से जानिए।

# सीआरपीएस यह दर्द सहा न जाए

कहते हैं कि ज्यादातर दर्द कोई न कोई संदेश देता है। यह आपके शरीर की चोट के बारे में बताता है, आराम करने के लिए प्रेरित करता है। चोट ठीक होने पर धीरे-धीरे कम हो जाता है। लेकिन कुछ लोगों में दर्द लंबे समय तक बना रहता है। कई बार तेज हो जाता है। मूल चोट के ठीक हो जाने के काफी समय बाद अपनी ही एक अलग स्थिति बना लेता है। इसे ही 'कॉम्प्लेक्स रीजनल पेन सिंड्रोम' या सीआरपीएस कहते हैं, जो व्यक्ति की चाल-ढाल, संवेदना, त्वचा और जीवन की गुणवत्ता को बुरी तरह प्रभावित करती है। हाल ही में अभिनेत्री अर्चना पूरन सिंह के बेटे आयुष्मान सेठी ने इंस्टाग्राम रील में मां की हिम्मत की तारीफ की कि कैसे साल 2025 में कलाई में चोट लगने के बाद उन्हें सीआरपीएस हो गया था। फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' के सेट पर चोट लगने के बाद हुई इस बीमारी ने अर्चना के हाथ पर स्थाई असर डाला।

**क्या है सीआरपीएसः** नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ के अध्ययन के अनुसार, सीआरपीएस एक लंबे समय तक रहने वाली न्यूरोपैथिक दर्द की बीमारी है, जिसमें चोट लगने के बाद होने वाले सामान्य दर्द की तुलना में दर्द बहुत ज्यादा रहता है। वह लंबे समय तक बना रहता है। यह दर्द को आमतौर पर जलन, चुभन या धड़कन जैसा होता है। कलाई टूटने, सर्जरी के दौरान लगे कट या मामूली मोच जैसी चीजों से शुरू होने वाली यह समस्या आगे चलकर पूरे शरीर में होने वाले गंभीर दर्द में बदल सकती है। यह दो प्रकार के होते हैं। टाइप 1, बिना किसी नर्व इंजरी के होता है जबकि टाइप 2, नर्व डैमेज की पुष्टि होने के बाद होता है।



**समस्या का मूल कारणः** सीनियर न्यूरोलॉजिस्ट **डॉ. विशाल** के अनुसार, सीआरपीएस एक गंभीर न्यूरोलॉजिकल दर्द की स्थिति है, जिसमें किसी एक अंग, हाथ या पैर, चोट, फ्रैक्चर, सर्जरी या यहां तक कि मामूली आघात के बाद लॉन्ग पीरियड फंक्शनल और सेंसरी परिवर्तन विकसित करता है। यह कहीं से हड्डियों या मांसपेशियों को होने वाली क्षति की वजह से नहीं, बल्कि दर्द संकेतों की सही व्याख्या करने में तंत्रिका तंत्र की विफलता के कारण होता है। इस स्थिति में, मूल चोट ठीक होने के बाद भी मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी दर्द संदेश प्रसारित करना जारी रखते हैं। इससे लंबे समय तक दर्द, कठोरता, सूजन और गति में विकृति आती है। मोटर और ऑटोनॉमिक गड़बड़ियां होने से त्वचा का रंग बदलना, तापमान में बदलाव, सूजन, पसीना आना, अकड़न, कमजोरी और संवेदना में बदलाव आम है।

**सीआरपीएस के लक्षणः** जलन या चीरने जैसा दर्द, जो लगातार या रुक-रुक कर होता है। ऐसी चीजों से दर्द होना, जिनसे आमतौर पर दर्द नहीं होना चाहिए, जैसे हल्का छूना, हल्की हवा या तापमान में बदलाव। ऐसी चीजों पर बहुत ज्यादा दर्द महसूस होना, जिनसे आमतौर पर सिर्फ हल्की तकलीफ होती है, जैसे सुई चुभना। प्रभावित अंग पर धब्बे दिख सकते हैं। वह लाल, नीला, पीला या बैंगनी हो सकते हैं। प्रभावित हिस्से में सूजन (एडिमा) आ-जा सकती है या बनी रह सकती है। त्वचा चमकदार और पतली हो सकती है या उस पर बहुत ज्यादा पसीना आ सकता है। प्रभावित अंग को हिलाने की क्षमता कम होना, अकड़न बढ़ना, कंपन या मांसपेशियों में ऐंठन होना।

**क्या है समाधानः** जहां तक सीआरपीएस के उपचार का सवाल है, तो इसमें दर्द कम करने और शरीर की हलचल बनाए रखने पर ध्यान दिया जाता है। इसके लिए फिजियोथेरेपी, नसों के दर्द की दवाएं और कुछ खास मामलों में दर्द कम करने वाले इंटरवेंशनल प्रोसीजर का इस्तेमाल किया जाता है। डॉ. विशाल का कहना है कि मेंटल सपोर्ट भी उतना ही जरूरी है, क्योंकि लंबे समय तक रहने वाला दर्द मानसिक रूप से बहुत परेशान करता है। हालांकि सीआरपीएस जानलेवा नहीं है, लेकिन यह जिंदगी अवश्य बदल सकता है। इसलिए बीमारी की गंभीरता के बारे में जानकारी होना जरूरी है, ताकि मरीज समय पर इलाज करवा सके। उसे कभी भी नजरअंदाज न करें। *

अवेयरनेस

डॉ. एम. वली
सीनियर फिजिशियन
सर गंगाराम अस्पताल, दिल्ली

गर्मी में हीट स्ट्रोक हो या बरसात में संक्रमण से दस्त-उल्टी का प्रकोप या किसी बीमारी के कारण डिहाइड्रेशन, ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सोल्यूशन) पीना लाभकारी है। **वर्ल्ड ओआरएस डे (29 जुलाई)** पर जानिए इसकी उपयोगिताओं के बारे में।

# डिहाइड्रेशन से बचाने में सक्षम जीवनरक्षक ओआरएस

शरीर में पानी और आवश्यक लवणों (इलेक्ट्रोलाइट्स) की कमी पूरी करने वाला विशेष घोल है ओआरएस। डिहाइड्रेशन से बचाने वाला एक वैज्ञानिक, सुरक्षित और जीवनरक्षक उपाय है। सही समय पर, सही मात्रा में और सही तरीके से दिया गया ओआरएस गंभीर जटिलताओं और मृत्यु का जोखिम काफी हद तक कम कर सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, ओआरएस चिकित्सा विज्ञान की सबसे प्रभावी और कम लागत वाली खोजों में से एक है, जिसने पिछले पांच दशकों में लाखों लोगों विशेषकर बच्चों की जान बचाई है।

**क्या है ओआरएसः** ओआरएस पानी, ग्लूकोज (शर्करा), सोडियम, पोटेशियम और क्लोराइड जैसे आवश्यक खनिज लवणों का वैज्ञानिक अनुपात में तैयार किया गया घोल है। जब शरीर से अधिक मात्रा में पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स निकल जाते हैं, तब यह घोल उनकी कमी को पूरा करने में मदद करता है।

**क्या हैं फायदेः** शरीर में पानी की कमी तेजी से पूरी करता है। इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बनाए रखता है। डिहाइड्रेशन से होने वाली गंभीर जटिलताओं का जोखिम घटाता है। बच्चों में अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता कम कर सकता है। कम लागत में प्रभावी उपचार उपलब्ध कराता है।

**किसके लिए है उपयोगीः** ओआरएस इन परिस्थितियों या बीमारी में हर आयुवर्ग के लोगों को दिया जा सकता है। डायरिया, बार-बार उल्टी होने, हैजा, रोटावायरस, नोरोवायरस संक्रमण के कारण वायरल गैस्ट्रोएंटेराइटिस होने पर, बहुत ज्यादा गर्मी या लू लगने के दौरान शरीर से बड़ी मात्रा में पानी और लवण निकल जाते हैं। या फिर डेंगू या अन्य बुखार में समुचित मात्रा में न पिए जाने पर व्यक्ति के शरीर में पानी की कमी होने की स्थिति में ओआरएस देना उपयोगी है।




**कैसे बनाएंः** आजकल बाजार में 5 ग्राम, 10 ग्राम, 21 ग्राम, 50 ग्राम और 75 ग्राम जैसे विभिन्न आकार के ओआरएस पैकेट उपलब्ध हैं। केवल पैकेट का आकार देखकर पानी की मात्रा तय नहीं करें। साफ या उबले और ठंडे किए गए पानी में ही घोलें। पूरे पैकेट को एक साथ निर्धारित मात्रा के पानी में ही घोलें। यदि आधा पैकेट इस्तेमाल करना हो, तो बिना माप के ऐसा न करें, क्योंकि नमक और ग्लूकोज का अनुपात बिगड़ सकता है। घोल तैयार होने के बाद उसे 24 घंटे के भीतर उपयोग कर लें। 24 घंटे बाद बचा हुआ घोल फेंक दें और नया घोल बनाएं।



**घर में करें तैयारः** यदि बाजार का ओआरएस उपलब्ध न हो, तो घर में भी आसानी से बनाया जा सकता है। 1 लीटर साफ पानी, 6 समतल छोटी चम्मच चीनी और आधी छोटी चम्मच नमक को अच्छी तरह मिलाकर तुरंत उपयोग करें।

**रहें सतर्कः** ओआरएस पीने से पहले हमेशा पैकेट पर लिखे गए निर्देशों का पालन करें। विशेषकर पैकेट पर लिखी पानी की मात्रा का जरूर ध्यान रखें। कम पानी मिलाने से घोल में नमक और शर्करा की मात्रा अधिक हो जाती है, जिससे शरीर में सोडियम का स्तर बढ़ सकता है। वहीं अधिक पानी मिलाने से घोल बहुत पतला हो जाता है और शरीर को आवश्यक इलेक्ट्रोलाइट पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पाते।

**इन बातों का रखें ध्यानः** डब्ल्यूएचओ या एफएसएसएआई मानक वाला पैकेटबंद ओआरएस ही बेहतर विकल्प है। संतरा, नीबू या अन्य फ्लेवर वाले ओआरएस, इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक, स्पोर्ट्स ड्रिंक या एनर्जी ड्रिंक नाम से उपलब्ध पेय यथासंभव अवॉयड करें। इनमें अकसर चीनी और इलेक्ट्रोलाइट्स का अनुपात नियत मात्रा से अधिक होता है, जिससे ये शरीर के लिए लाभकारी नहीं होते हैं। दस्त होने पर हर दस्त के बाद थोड़ी-थोड़ी मात्रा में ओआरएस दें। *

**प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा**

## गार्गी अकादमी सोनीपत में हुई प्रतियोगिता में जिले के 8 स्कूलों ने दिखाया दम

# अंडर-19 कबड्डी में साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल ने इंडियन स्कूल को 25-5 के अंतर से हराया

प्रतियोगिता सोनीपत में 20 से 22 जुलाई तक आयोजित की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-19 श्रेणी का खिताब अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता सोनीपत में सब्जी मंडी के निकट एक अकादमी में 20 से 22 जुलाई तक आयोजित की गई।

साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में 21 जुलाई को अंडर-19 कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें ब्लॉक के आठ प्रमुख विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल और इंडियन स्कूल के बीच खेला गया। रोमांचक फाइनल मुकाबले में साउथ पॉइंट वर्ल्ड


सोनीपत। साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री के साथ विजेता खिलाड़ी।


स्कूल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट रणनीति और बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए इंडियन स्कूल को 25–5 के एकतरफा अंतर से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। चेयरमैन ने कहा कि बताया कि टीम में शौर्य दहिया, नैतिक, भविष्य, वंश आंतिल, प्रिंस, यंश खापरा, करण डागर शामिल थे।

एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री ने कहा कि साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल की टीम ने फाइनल में जिस तरह का शानदार प्रदर्शन दिखाया, वह सराहनीय है। वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री ने सभी खिलाड़ियों और उनके कोच को इस शानदार जीत की बधाई दी। सीईओ भावना कालरा ने कहा कि यह जीत खिलाड़ियों के समर्पण और निरंतर अभ्यास की देन है।


गोहाना। पदक विजेता छात्राओं को सम्मानित करते हुए शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### जेएलएन स्कूल ने 6 स्वर्ण सहित 16 पदक जीते

**गोहाना।** शहर में शहीद मदनलाल धींगड़ा खेल स्टेडियम, गोहाना में आयोजित खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में जेएलएन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना की छात्राओं ने 6 स्वर्ण, 6 रजत एवं 4 कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। पदक विजेताओं को विद्यालय में एमडी एडवोकेट सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने सम्मानित किया। संचालन उप प्राचार्य सूरत शर्मा ने किया। खंड स्तरीय खेलों में अंडर-19 आयु वर्ग में हर्षिका ने 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक व लंबी कूद में रजत पदक, दिव्याशी ने 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, निकिता पुत्री शशि ने 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण, वैष्णवी ने लंबी कूद में स्वर्ण एवं 100 मीटर दौड़ में रजत पदक, इच्छा ने डिस्कस थ्रो में स्वर्ण, जानवी पुत्री मनजीत ने 200 मीटर दौड़ एवं डिस्कस थ्रो में रजत पदक जीता। छवि पुत्री जय भगवान ने 400 मीटर दौड़ में रजत तथा सपना पुत्री उग्रसेन ने शॉटपुट में कांस्य पदक हासिल किया। अंडर-17 आयु वर्ग में मुस्कान पुत्री


गन्नौर। पदक विजेता लोकेश को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक रविंद्र धनखड़।

### लोकेश ने जीता स्वर्ण व रजत पदक

**गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल के खेल मैदान में चल रही खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में रतिराम मेमोरियल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खुबडू के खिलाड़ी लोकेश ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-19 वर्ग की 100 मीटर दौड़ में लोकेश ने पहला स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद 400 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के बाद विद्यालय पहुंचने पर खिलाड़ी का स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रबंधक रविंद्र धनखड़ ने लोकेश को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की उपलब्धियां विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करती हैं। उन्होंने लोकेश के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगामी प्रतियोगिताओं में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### एथलेटिक्स, योग, खो-खो और कबड्डी में छाए विद्यार्थी



**खरखौदा।** गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मटिंडू में आयोजित एथलेटिक्स, योग, खो-खो, कबड्डी व बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं का बुधवार को समापन हो गया। जिसमें खरखौदा के खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार राठी और बीआरसी मनोज दहिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों के माध्यम से अनुशासन, टीम भावना एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत 100 मीटर दौड़ में प्रियांशु ब्राइटवे इंटरनेशनल स्कूल ने प्रथम, मोहित गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मटिंडू ने द्वितीय तथा गौरव ब्रह्मशक्ति स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ में शौर्य पैरामाउंट स्कूल ने प्रथम, सूरज राजकीय विद्यालय, फरमाना ने द्वितीय तथा अमित राजकीय विद्यालय, जटोला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मटिंडू के विद्यार्थी जतिन का अंडर -14 कबड्डी में जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। वहीं शिवम (49–52 किग्रा.) ने अंडर -19 बॉक्सिंग में ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया।

## न्यूज डायरी



### जगबीर देशवाल ने संभाला प्रधानाचार्य का कार्यभार

**गन्नौर।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को जगबीर देशवाल ने पदोन्नति के बाद प्रधानाचार्य पद का कार्यभार ग्रहण किया। समारोह में शिक्षा विभाग के अधिकारियों, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, प्राध्यापक शामिल हुए। बीआरसी आजाद सिंह दहिया ने उनकी कार्यशैली की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएगा। नवनियुक्त प्रधानाचार्य जगबीर देशवाल ने सभी अतिथियों और शिक्षाविदों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने विद्यालय में अनुशासन, शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।



### सांस्कृतिक गतिविधियां छात्रों के विकास का आधार

**राई।** राजीव गांधी राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बीसवां मील में ब्लॉक स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में राई की विधायक कृष्णा गहलावत ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, खंड शिक्षा अधिकारी पुष्पा तथा डाइट प्रधानाचार्या सुजाता विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य नरेंद्र तथा विद्यालय स्टाफ ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने हरियाणवी लोकनृत्य, समूह गान, देशभक्ति गीत, नाटक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि विधायक कृष्णा गहलावत ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की।



### प्रस्तावित पंपिंग स्टेशन को दूसरी जगह स्थानांतरित कराने का प्रयास किया जाएगा : निर्मल चौधरी

**गन्नौर।** गांव गढ़ी केसरी में प्रस्तावित सीवरेज पंपिंग स्टेशन के निर्माण के विरोध को लेकर मंगलवार को भगवान परशुराम सभागार में ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व विधायक निर्मल चौधरी भी पहुंचीं। ग्रामीणों ने उनके समक्ष प्रस्तावित स्थल को बदलने की मांग रखते हुए कहा कि आबादी के बीच और गांव के जोहड़ के पास पंपिंग स्टेशन बनने से भविष्य में दुर्गंध व अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने मांग की कि पंपिंग स्टेशन का निर्माण किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर कराया जाए, ताकि गांव के लोगों को असुविधा न हो। पूर्व विधायक निर्मल चौधरी ने ग्रामीणों की बात गंभीरता से सुनते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि वह इस मामले में उनके साथ हैं। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित पंपिंग स्टेशन को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित कराने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर पार्षद अंकित त्यागी, रमेश कौशिक, अजय त्यागी, रामकुमार धनखड़, संदीप त्यागी आदि मौजूद रहे।



### विजेता खिलाड़ी अब जिला स्तर पर दिखाएंगे दम

गन्नौर। बीएसटी कॉलोनी स्थित आरपीएस स्कूल के खेल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय खंड स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हो गया। अंतिम दिन खिलाड़ियों ने कबड्डी सहित विभिन्न खेलों में दमदार प्रदर्शन करते हुए जीत के लिए पूरा जोर लगाया। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी अब जिला स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता में खंड गन्नौर का प्रतिनिधित्व करेंगे। कबड्डी प्रतियोगिता के बॉयज अंडर-19 वर्ग में एमडी सरढ़ाना ने पहला और डीएवी गन्नौर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 में हैप्पी चाइल्ड स्कूल प्रथम तथा डीएवी गन्नौर द्वितीय रहा। अंडर-14 वर्ग में भी एमडी सरढ़ाना ने पहला और डीएवी गन्नौर ने दूसरा स्थान हासिल किया। गर्ल्स वर्ग के अंडर-19 मुकाबलों में जीएसएसएस खुबड़ू विजेता तथा शिवालिक स्कूल उपविजेता रहा। अंडर-17 में शिवालिक स्कूल ने पहला और जीएसएसएस कैलाना ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 वर्ग में लॉर्ड गणेशा स्कूल प्रथम तथा पीएस भूर्री द्वितीय स्थान पर रहा।

### विवाहिता का शव फंदे पर मिला, तीन पर मामला दर्ज

**सोनीपत।** राई थाना क्षेत्र के गांव औरंगाबाद में 34 वर्षीय विवाहिता का शव घर के एक कमरे में फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतका के पिता की शिकायत पर पुलिस ने पति सहित तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के इंद्रगढ़ी स्थित फतवा कॉलोनी निवासी हीरालाल ने बताया कि उनकी बेटी ललिता का विवाह वर्ष 2018 में गांव औरंगाबाद निवासी वीरेंद्र के साथ हुआ था। उनका आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष दहेज की मांग को लेकर उनकी बेटी को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता था। उन्होंने बताया कि बेटी का घर बचाने के लिए दो वर्ष पहले पति को नकदी भी दी थी, लेकिन इसके बावजूद प्रताड़ना जारी रही। मंगलवार को उन्हें बेटी के फंदा लगाने की सूचना मिली। पुलिस ने वीरेंद्र और उसके परिवार के दो अन्य सदस्यों के खिलाफ आत्महत्या के लिए विवश करने और अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है।


खरखौदा। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते अधिकारीगण।

### प्रताप स्कूल में जिला स्तरीय विद्यालय भारोत्तोलन प्रतियोगिता का शुभारंभ

**खरखौदा।** प्रताप स्पोर्ट्स स्कूल, खरखौदा में जिला स्तरीय विद्यालय भारोत्तोलन प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। जिसका उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप राठी, बीआरसी मनोज दहिया, द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, खेल निदेशक प्रताप स्कूल, प्रताप स्कूल के संस्थापक सतप्रकाश नम्बरदार एवं प्राचार्या दया दहिया ने सामूहिक रूप से किया। खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप राठी ने कहा कि विद्यालय स्तर पर आयोजित ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का सशक्त मंच प्रदान करती हैं। बीआरसी मनोज दहिया ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विद्यालय प्रबंधन की सराहना की। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवार्डी एवं प्रताप स्कूल के खेल निदेशक ओमप्रकाश दहिया ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारोत्तोलन केवल शक्ति का खेल नहीं, बल्कि अनुशासन, तकनीक, धैर्य और

## जैन विद्या मंदिर स्कूल में उत्साहपूर्वक मनाया गया राष्ट्रीय ध्वज दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जैन विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय ध्वज दिवस देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के तहत चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से भारतीय तिरंगे के प्रति सम्मान, देशप्रेम और राष्ट्रीय एकता की भावना को आकर्षक चित्रों के जरिए प्रस्तुत किया। साथ ही विद्यार्थियों को भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के इतिहास, उसके तीनों रंगों और अशोक चक्र के महत्व की जानकारी भी दी गई। विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत विचार प्रस्तुत करते हुए राष्ट्रीय ध्वज का सदैव सम्मान करने तथा देश की एकता और अखंडता



बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। विद्यालय के प्रधान राकेश जैन, प्राचार्या डॉ. नीरू तथा प्रबंधक समिति के सदस्यों ने विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रस्तुतियों और उत्साह की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में राष्ट्रीय मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।


खरखौदा। खिलाड़ी को सम्मानित करते डायरेक्टर घनश्याम।

### जिला स्तरीय कराटे में एपी गर्ग पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते पदक

**खरखौदा।** गोहाना में आयोजित जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में एपी गर्ग पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार सफलता प्राप्त की। अंडर 17 में दसवीं कक्षा के अनिकेत व हर्ष ने स्वर्ण पदक हासिल किया। इसी आयु वर्ग में ध्रुव ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। जबकि रिषभ व गर्वित ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। अंडर 14 में मनन ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इसी श्रृंखला के तहत ओमित और समर ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किए। अनिकेत और हर्ष राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में चुने गए हैं। विद्यालय पहुंचने पर इन विद्यार्थियों का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनहित परिषद, खरखौदा के चेयरमैन भरत शर्मा व वाइस चेयरमैन डॉ. कर्मबीर सैनी ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

## ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने डीसी कार्यालय पर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने बुधवार को पंचायत भवन से प्रदर्शन करते हुए जिला उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर एक दिवसीय रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता राजेश रसोई ने की, जबकि संचालन जिला संयोजक राजेश टोकी ने किया। प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों ने पंचायत मंत्री के नाम मांगपत्र सौंपा।

राजेश टोकी ने कहा कि 15 से 29 मई तक चली हड़ताल के बाद पंचायत मंत्री की अध्यक्षता में हुई वार्ता में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की 18 में से 17 मांगों पर सहमति बनी थी



और 30 जून तक सभी आदेश जारी करने का आश्वासन दिया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि अब तक केवल 2100 रुपये वेतन बढ़ोतरी का आदेश जारी हुआ है, जबकि यह बढ़ोतरी 1 जनवरी 2026 से लागू होनी थी और अन्य 16 मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। यूनियन नेताओं ने 12,600 रुपये के एरियर के भुगतान, उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार सभी ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को स्थायी करने तथा सहमति के अनुरूप सभी आदेश तत्काल जारी करने की मांग की।

### भारतीय जनता युवा मोर्चा ने किया पौधरोपण

**खरखौदा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री सुमित अंतिल के नेतृत्व में बुच्चेश्वर मंदिर परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी महाअभियान /"एक पेड़ माँ के नाम/" के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। युवा मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री संदीप राणा, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शर्मा, जिला सचिव शक्ति दहिया, जिला उपाध्यक्ष मिथुन तिवारी, खरखौदा मंडल अध्यक्ष सुमित गर्ग, कुंडली मंडल उपाध्यक्ष सौरव खत्री, जखौली मंडल उपाध्यक्ष अजय सैन तथा खरखौदा मंडल उपाध्यक्ष विशाल गोपालपुर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि /"एक पेड़ माँ के नाम/" केवल पौधारोपण अभियान नहीं, बल्कि मातृ सम्मान, पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का


खरखौदा। पौधारोपण करते भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी।

### जन्मदिवस पर लगाया बरगद का पौधा

**सोनीपत।** पूर्व होमगार्ड कमांडेंट एवं राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित हरिराम सरोहा ने बुधवार को अपने जन्मदिवस के अवसर पर बरगद का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जन्मदिन जैसे विशेष अवसरों को समाज और पर्यावरण के हित में समर्पित करना समय की जरूरत है। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम गौतम, देवेंद्र गौतम, सोनू सिंघल, सुभाष सैनी तथा पूर्व इंस्पेक्टर जय सिंह भी मौजूद रहे। सभी ने पौधारोपण अभियान की सराहना करते हुए लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। सेवानिवृत्ति के बाद भी वे संस्था के साथ मिलकर रक्तदान, तिरंगा सम्मान संकल्प और अन्य सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय सहयोग कर रहे हैं। अंत में हरिराम सरोहा ने संस्था के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दिया।


सोनीपत। पौधारोपण करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता।

### इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से मजबूत होगी व्यवस्था

## आधुनिक तकनीक से अपराधों पर लगेगा अंकुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

प्रस्तावित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) परियोजना को लेकर मंगलवार को पुलिस आयुक्त कार्यालय, राई में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह ने की। इस दौरान आईसीसीसी की स्थापना के लिए तैयार की जा रही ड्राफ्ट डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) की समीक्षा करते हुए पुलिस विभाग से जुड़े तकनीकी और परिचालन पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आवश्यक सुझाव और अनुशंसाएं


सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद पुलिस आयुक्त एवं अन्य।

दी गईं। बैठक में शहर की निगरानी व्यवस्था को अत्याधुनिक तकनीक से सुदृढ़ बनाने के लिए वर्तमान सीसीटीवी कैमरा नेटवर्क के एकीकरण, नए हाई-रिजॉल्यूशन सर्विलांस कैमरों की स्थापना, फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम (एफआरएस), ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन (एएनपीआर), रेड लाइट वॉयलेशन डिटेक्शन (आरएलवीडी), स्पीड वॉयलेशन डिटेक्शन (एसवीडी), अत्याधुनिक पुलिस कंट्रोल रूम, एआई/एमएल आधारित वीडियो एनालिटिक्स, बॉडी वॉर्न कैमरा सिस्टम तथा डायल-112 आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली के साथ एकीकृत संचालन सहित विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बताया गया कि प्रस्तावित आईसीसीसी शहर में सर्विलांस, स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन, सार्वजनिक सुरक्षा, आपदा एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया तथा अन्य स्मार्ट सिटी सेवाओं के लिए एक केंद्रीकृत प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करेगा। परियोजना के प्रभावी संचालन में पुलिस विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी, जिससे कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण, ट्रैफिक प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा को और मजबूती मिलेगी।



खरखौदा। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते शिक्षक।

### कल्पना चावला विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने खो-खो में प्राप्त किया प्रथम स्थान

**खरखौदा।** कल्पना चावला विद्यापीठ के होनहार विद्यार्थियों ने अंडर -19 लड़कों की खेलकूद प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। एथलेटिक्स स्पर्धाओं अंडर -19 वर्ग में रोहित ने ट्रिपल जंप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। योगेश ने लंबी कूद में द्वितीय स्थान हासिल किया। कुश्ती में अंडर -19 में सितेंद्र ने 65 किलो भार वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया। सभी विजेता विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्राचार्या ऊषा वत्स एवं प्राथमिक प्रभारी रितु ने सभी खिलाड़ियों और कोच पूनम,अमन खत्री, विशाल, तरुण, स्वीटी,अंकिता का उत्साहवर्धन किया।

**सार्वजनिक सूचना**
**वार्षिक आम सभा की स्थगित बैठक के संबंध में**

सर्व साधारण तथा संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक आम सभा के आयोजन हेतु पूर्व में दिनांक 05.07.2026, 12.07.2026 तथा 20.07.2026 को बैठकें निर्धारित की गई थीं। परंतु आवश्यक कोरम पूरा न होने के कारण उक्त बैठकों में कार्यवाही संपन्न नहीं हो सकी।
अतः वार्षिक आम. सभा की स्थगित बैठक अब निम्नलिखित तिथि, समय एवं स्थान पर आयोजित की जाएगी:
**दिनांक: 28 जुलाई 2026, समयः सायं 05:00 बजे**
**स्थान : रैन बसेरा, शहीद मदन लाल ढींगरा पार्क, नजदीक सब्जीमंडी, गोहाना, जिला सोनीपत-131301**
**बैठक की कार्यसूची**
1. वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 तथा 2025-26 के अंकेक्षित वित्तीय विवरणों एवं लेखा परीक्षक की रिपोर्ट पर विचार करना तथा उन्हें अनुमोदित एवं अंगीकृत करना।
2. वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वैधानिक लेखा परीक्षक की नियुक्ति तथा उनके पारिश्रमिक का निर्धारण करना।
3. हरियाणा सोसायटी पंजीकरण एवं विनियमन अधिनियम, 2012 के अंतर्गत संस्था की वार्षिक विवरणी तथा आयकर रिटर्न दाखिल करने के संबंध में विचार एवं निर्णय करना।
4. वर्ष 2023 से 2026 की अवधि के दौरान शासी निकाय द्वारा पारित प्रस्तावों की पुष्टि एवं अनुमोदन करना।
5. संस्था द्वारा अक्टूबर 2023 से कोई कार्यकलाप न किए जाने के कारण संस्था के विघटन के प्रस्ताव पर विचार करना अथवा लगातार पिछली तीन वार्षिक आम सभाओं में उपस्थित न होने वाले सदस्यों की सदस्यता के संबंध में संस्था के उपनियमों एवं लागू कानून के अनुसार विचार करना।
6. अध्यक्ष की अनुमति से किसी अन्य विषय पर विचार करना।

संस्था के सभी सदस्यों से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर बैठक की कार्यवाही में भाग लें।

बैठक की कार्य सूची के संबंध में कोई टिप्पणी, सुझाव अथवा प्रस्ताव प्रस्तुत करने का इच्छुक सदस्य अपना लिखित प्रतिवेदन संस्था कार्यालय-रैन बसेरा, शहीद मदनलाल ढींगरा पार्क, नजदीक सब्जी मंडी, गोहाना, जिला सोनीपत-131301-में बैठक से पूर्व निर्धारित कार्यालय समय में जमाकर सकता है।

कृतेः सज्जन वृद्ध अनाथाश्रम अथवा धर्मशाला
हस्ता/- कृष्ण लाल दुरेजा (महासचिव)
स्थानः गोहाना, दिनांक : 20.07.2026

## खबर संक्षेप

### धर्मार्थ गोशाला सिसाना में प्रशासक नियुक्त

**खरखौदा।** धर्मार्थ गौशाला सिसाना प्रबंधन समिति का कार्यकाल समाप्त होने और नई कार्यकारिणी का गठन नहीं होने पर हरियाणा पंजीकरण एवं विनियमन समिति अधिनियम, 2012 की धारा 39(10) के तहत तीन माह के लिए प्रशासक नियुक्त किया गया है। जिला फर्म एवं सोसायटी पंजीकरण कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, रघुवीर सिंह दहिया (सेवानिवृत्त एक्सईएन) को 20 अक्टूबर तक धर्मार्थ गौशाला, सिसाना का प्रशासक नियुक्त किया गया है। संस्था का पिछला कार्यकाल 23 जुलाई 2023 से अप्रूव हुआ था। हाल ही में अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों ने अपने-अपने पदों से इस्तीफा देकर नए चुनाव कराने का अनुरोध किया था।

### अवैध पिस्तौल और कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट कुंडली की पुलिस टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक आरोपित को देशी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान दीपक उर्फ बनिया पुत्र राकेश निवासी गांव प्याऊ मनियारी, जिला सोनीपत के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार 21 जुलाई को क्राइम यूनिट कुंडली में तैनात सहायक उपनिरीक्षक आशीष अपनी टीम के साथ रोहट नहर पुल के पास गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि दीपक उर्फ बनिया गांव हरसाना मोड़ के पास अवैध हथियार लेकर खड़ा है। सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई।

## पोर्टल पर 13 दिन से चल रही तकनीकी खराबी, ठेकेदार से अधिकारी तक परेशान

# एचईडब्ल्यूपी पर ब्रेक लगने से अटका विकास का पहिया

*लंबित भुगतान नहीं होने के कारण कार्यालयों के लगा रहे चक्कर ठेकेदार*

**इंजीनियरिंग विभागों के दैनिक कामकाज और मॉनिटरिंग पर पड़ रहा असर**

**सरकार की ओर से पोर्टल को दुरुस्त करने के किए जा रहे भरसक प्रयास**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल (एचईडब्ल्यूपी) में करीब 13 दिन से आई तकनीकी खराबी के कारण विकास का पहिया अचानक अटक गया है। पोर्टल में तकनीकी खामी आने की वजह से ठेकेदारों के बिल से लेकर नई योजनाओं के एस्टीमेट तक प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में जिलेभर के इंजीनियरिंग विभागों से जुड़े ठेकेदारों से लेकर अधिकारी तक परेशानी के जंजाल में फंसकर रह गए हैं। साथ ही विकास कार्यों की गति धीरे-धीरे थमने लगी है। इसका सीधे तौर पर कारण ठेकेदारों को लंबित भुगतान न होना है। ठेकेदार बार-बार अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगाने पर विवश हैं, जबकि विकास योजनाओं पर बजट के अभाव में तलवार लटक रही है।

बता दें कि प्रदेश सरकार की ओर से विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से खासकर सभी इंजीनियरिंग विभागों के इस डिजिटल पोर्टल के रूप में पारदर्शी प्लेटफार्म की शुरुआत की गई थी। पोर्टल के माध्यम से ही उच्च अधिकारियों से लेकर विभागों के निचले स्तर तक के अधिकारी अपनी नजर बनाए रखते हैं। साथ ही पोर्टल पर संबंधित विकास कार्यों का पूरा लेखा-जोखा अपलोड किया जाता है।



**सोनीपत।** रेलवे रोड स्थित लोक निर्माण विभाग का कार्यालय।

### करीब 13 दिन में 2 बार हुई हलचल

सूत्रों के अनुसार एचईडब्ल्यूपी पोर्टल के दोबारा शुरू होने के इंतजार में जहां ठेकेदार और अधिकारी हाथ पर हाथ रखकर बैठने को मजबूर हैं। वहीं पोर्टल में तकनीकी खामी को दूर करने के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि करीब 13 दिन में दो बार पोर्टल हलचल करते हुए कुछ देर के लिए चला, लेकिन फिर बंद हो गया। बुधवार सुबह भी पोर्टल में हलचल देखने को मिली। इससे जहां अधिकारियों को कार्य शुरू होने की आस जगी, वहीं ठेकेदारों को जल्द भुगतान होने की संभावना हुई। हालांकि कुछ समय बाद ही पोर्टल फिर दम तोड़ गया।

### मजदूरों की दिहाड़ी रोकने पर विवश

आलम यह है कि करीब 13 दिन से पोर्टल में आई तकनीकी खामी के कारण जहां ठेकेदारों के लंबित भुगतान अटक कर खड़े हो गए हैं, वहीं नई विकास योजनाओं के एस्टीमेट (अनुमानित बजट) को भी मंजूरी नहीं मिल पा रही है। इसके अलावा कार्यों संबंधी नए टेंडरों की प्रक्रिया उलझकर रह गई है। उधर संबंधित विभागों के आला अधिकारी दैनिक मॉनिटरिंग व योजना प्रोग्रेस रिपोर्ट तैयार नहीं कर पा रहे हैं।

सूत्रों की मानें, तो पोर्टल में आई तकनीकी खामी के चलते प्रदेशभर में बुनियादी ढांचे व सार्वजनिक विकास की रफ्तार पर अचानक ब्रेक लगा दिया है। जिसके कारण प्रदेशभर में चल रहे या आगामी होने वाले विकास कार्य पूरी तरह ठंडे बस्ते पड़ चुके हैं। मुख्यालय से लेकर जिलास्तर के कार्यालयों तक की फाइलों की आवाजाही रूक गई है। इससे सबसे ज्यादा परेशानी ठेकेदारों को झेलनी पड़ रही है। विकास कार्यों को पूरा करवाने के बावजूद उनकी कंपलीशन फाइलें, रनिंग बिल सिस्टम में प्रोसेस नहीं हो पा रहे हैं। लंबित भुगतान नहीं मिलने से ठेकेदारों के पास अब लटके खड़े आगामी कार्यों के लिए बजट का अभाव है। जिससे वह निर्माण सामग्री खरीदने से लेकर मजदूरों की दिहाड़ी रोकने में विवश हैं।

### पोर्टल जल्द सुचारू रूप से शुरू होने की उम्मीद

एचईडब्ल्यूपी पोर्टल में अचानक 13 दिन से तकनीकी खराबी आने से विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं। पोर्टल को जल्द दुरुस्त करने के लिए मुख्यालय की आईटी टीम लगातार भरसक प्रयास में जुटी है। उम्मीद है कि जल्द ही पोर्टल सुचारू रूप से शुरू हो जाएगा। पोर्टल के चलते ही प्राथमिकता के आधार पर लंबित बिलों का भुगतान और टेंडर प्रक्रियाएं पूरी करवाई जाएंगी।

*-अनिल कंबोज, कार्यकारी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सोनीपत*

## न्यूज डायरी

### रेलवे रोड पर 23 लाख से संवरे शहीद स्मारक द्वार का विधायक ने किया लोकार्पण



**गन्नौर।** रेलवे रोड पर शहीद द्वार का 23 लाख रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण कर नया स्वरूप दिया गया। विधायक देवेंद्र कादियान ने रिबन काटकर इसका लोकार्पण किया। विधायक ने शौर्य चक्र प्राप्त शहीद मुकेश त्यागी की स्मृति में बने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और कहा कि देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों का सम्मान बनाए रखना हर नागरिक का कर्तव्य है। विधायक ने कहा कि शहीद द्वार केवल ईंट-पत्थरों का ढांचा नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, त्याग और समर्पण का प्रतीक है। उनकी स्मृति में बनाए गए इस द्वार का नगरपालिका ने आधुनिक तरीके से पुनर्निर्माण कराया है, जिससे यह अब पहले से अधिक आकर्षक दिखाई देगा। कार्यक्रम में नपा सचिव प्रदीप खर्ब, पूर्व वाइस चेयरमैन दिनेश अदलखा, पार्षद अजय सरोहा, समाजसेवी अमित त्यागी, सुनील पटवारी, संजय त्यागी, नंदकिशोर, उमेश त्यागी, हरीश त्यागी, शिवराज, यशपाल त्यागी, नेत्रपाल, हरीश नंबरदार आदि मौजूद रहे।

### जेकेआर स्कूल ने जीती क्रिकेट ट्रॉफी



**गोहाना।** शहर में गुढ़ा चुंगी के समीप स्थित जेकेआर पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने शैक्षणिक खंड गोहाना की खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर स्कूल की क्रिकेट टीम सहित कई अन्य खिलाडियों का जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं के लिए किया गया है। बुधवार को पदक विजेताओं को स्कूल में एमडी राजबीर राठी ने सम्मानित किया। 20 से 22 जुलाई तक क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण एवं खेल संस्थानों में खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। खेलों में अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग की क्रिकेट प्रतियोगिता में जेकेआर पब्लिक स्कूल की टीम विजेता घोषित की गई। इस टीम का जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए कर लिया गया। कुश्ती प्रतियोगिता में 8वीं कक्षा के शिवांश द्वितीय रहे, 400 मीटर की दौड़ में 8वीं कक्षा की छात्रा रिद्धि और 100 मीटर दौड़ में 8वीं कक्षा के छात्र तनीष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### उत्तराखंड के गंगोत्री में कांवड़ियों की सेवा में लगाया जाएगा भंडारा



**गोहाना।** शिव गौरा कांवड़ सेवा संघ गोहाना द्वारा उत्तराखंड के गंगोत्री में गंगनानी गर्म कुंड के पास कांवड़ियों के लिए देसी घी का भंडारा लगाया जाएगा। संघ का यह 25वां सिल्वर जुबली भंडारा होगा। भंडारे में कांवडियों के लिए न केवल भोजन अपितु ठहरने व चिकित्सा की भी विशेष व्यवस्था होगी। बुधवार को भंडारे के लिए गोहाना से खाद्य सामग्री से भरे ट्रक को रवाना किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा वरिष्ठ नेता एवं जिला कष्ट निवारण समिति सदस्य अरुण बड़ौक ने कहा कि सनातन संस्कृति में सेवा को केवल एक कर्म नहीं, बल्कि सर्वोच्च धर्म और आध्यात्मिक साधना माना गया है। कार्यक्रम में शिव गौरा कांवड़ सेवा संघ के संरक्षक राजेश गोयल, अजीत सैनी, मनोज जिंदल, अध्यक्ष सतवीर सैनी, उपाध्यक्ष संजय जिंदल, महासचिव सुरेश मक्कड़, कोषाध्यक्ष रामकरण सैनी और सतपाल सैनी, सदस्य बिजेंद्र, चांदराम, श्रीराम, राजू गाड़ी वाला, धर्मेन्द्र, बलबीर, पवन सिंह, श्यामलाल राजौरा, विक्रम सैनी और अनिल हलवाई उपस्थित रहे।

### सफाई व्यवस्था जल्द होगी पूरी तरह सुचारु : मेयर राजीव जैन



**सोनीपत।** नगर निगम सोनीपत के मेयर राजीव जैन ने कहा कि पिछले सफाई ठेके की अवधि समाप्त होने के कारण करीब एक माह सात दिन तक शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित रही। अब नए ठेकेदार को कार्य आवंटित कर दिया गया है और अगले चार से पांच दिन में सफाई व्यवस्था पूरी तरह सामान्य हो जाएगी। बुधवार सुबह मेयर राजीव जैन ने सफाई कर्मचारियों के हाजिरी प्वाइंट पर पहुंचकर कर्मचारियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि जिन कर्मचारियों के नाम पोर्टल पर दर्ज होने में दो-तीन दिन का समय लगेगा, उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है। नाम दर्ज होने के बाद उनका पूरा वेतन दिया जाएगा। उन्होंने कर्मचारियों से पूरी लगन और जिम्मेदारी के साथ सफाई कार्य करने की अपील की। मेयर ने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी वार्ड में कूड़ा जमा नहीं रहने दिया जाएगा और अधिकारियों द्वारा नियमित निगरानी की जाएगी। यदि ठेकेदार या कर्मचारी लापरवाही बरतते हैं तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## कांग्रेस नेताओं को घरों पर रोका, बाद में किया प्रदर्शन

**राष्ट्रपति के नाम सीटीएम को सौंपा ज्ञापन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दिल्ली में कांग्रेस के प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर बुधवार को सोनीपत में पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। सुबह से ही जिले के कई कांग्रेस नेताओं के घरों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई और उनकी गतिविधियों पर नजर रखी गई। दोपहर बाद कांग्रेस कार्यकर्ता लघु सचिवालय पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम सीटीएम को ज्ञापन सौंपा। पुलिस ने शहरी और ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्षों सहित कई प्रमुख नेताओं के आवासों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी थी। ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया, रणजीत कौशिक, संजय बड़वासनिया और अंकित दहिया समेत कई नेताओं के घरों पर पुलिस मौजूद रही। विधायकों और पूर्व विधायकों के आवासों पर भी निगरानी रखी गई। दोपहर करीब दो बजे कांग्रेस कार्यकर्ता लघु सचिवालय पहुंचे और केंद्र सरकार की नीतियों, परीक्षा प्रणाली तथा छात्रों से जुड़े मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सीटीएम को सौंपा गया। शहरी जिला कांग्रेस अध्यक्ष कमल दिवान भी प्रदर्शन में शामिल हुए।



### कांग्रेस नेता को पुलिस ने हिरासत में लिया

*गन्नौर। छात्रों के समर्थन में मंगलवार को कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को भी पुलिस ने हिरासत में लिया था। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए बुधवार को गन्नौर पुलिस ने कांग्रेस नेता राजेश पहलवान पुरखासिया को हिरासत में ले लिया। वह दिल्ली जाने की तैयारी में थे। पुलिस उन्हें उनके घर से अपने साथ लेकर गई। पुलिस का कहना है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। हालांकि बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। प्रमुख मार्गों पर पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है और आने-जाने वाले लोगों तथा वाहनों की लगातार जांच की जा रही है। फिलहाल क्षेत्र में स्थिति सामान्य बनी हुई है।*

### जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं का मेरिट सूची में शानदार प्रदर्शन

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत की विज्ञान संकाय की छात्राओं ने विश्वविद्यालय परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर कॉलेज का नाम रोशन किया है। विश्वविद्यालय द्वारा घोषित बी.एससी. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर (सत्र 2024-25) के परिणामों में कॉलेज की छात्राओं ने शीर्ष-20 मेरिट सूची में कुल 11 स्थान हासिल किए हैं। विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता डा. अनीता सैनी ने बताया कि बी.एससी. द्वितीय सेमेस्टर में नेहा ने 5वां, सिमरन 7वां, तनु 10वां, तनिषा 11वां, बुलबुल 16वां और जिओ ने 19वां स्थान प्राप्त किया। वहीं बी.एससी. चतुर्थ सेमेस्टर में दृष्टि ने 5वां, प्राची 8वां, खुशी (मेडिकल) 13वां, ऋतंभरा 15वां और खुशी (नॉन-मेडिकल) ने 17वां स्थान हासिल किया।

## महिला विवि की दो शोध परियोजनाओं को एचएसआरएफ से मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) को शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद द्वारा हरियाणा स्टेट रिसर्च फंड के अंतर्गत विवि की दो शोध परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। यह पहल राज्य में शोध संस्कृति को बढ़ावा देने और स्थानीय समस्याओं के समाधान आधारित अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। पहली शोध परियोजना जेनरेटिव एआई रेडीनेस इन सर्कुलर टेक्सटाइल्स ए स्टडी ऑफ पानीपत सेकंड हैंड क्लोथिंग फर्म्स को स्वीकृति प्रदान की गई है। यह परियोजना प्रबंधन अध्ययन विभाग की रिसर्च स्कॉलर प्राची निरवाल द्वारा प्रस्तुत की गई है। इस परियोजना के लिए 1 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है तथा इसकी अवधि दो वर्ष निर्धारित की गई है।



दूसरी शोध परियोजना इम्पैक्ट ऑफ यूनिवर्सिटी कम्युनिटी इंगेजमेंट ऑफ लोकल कम्युनिटीज इन हरियाणा को भी हरियाणा स्टेट रिसर्च फंड के अंतर्गत स्वीकृति मिली है। यह परियोजना सामाजिक कार्य विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) मंजू पंवार द्वारा प्रस्तुत की गई है। इस परियोजना के लिए 8 लाख 91 हजार रुपये की वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई है तथा इसकी अवधि भी दो वर्ष होगी। कुलपति प्रो. सुदेश ने इन शोधों के लिए दोनों शोधकर्ताओं को बधाई दी।

## युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : दिवान

**विद्यार्थियों पर लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट समेत विभिन्न परीक्षा संबंधी मुद्दों को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में बुधवार को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लघु सचिवालय स्थित धरना स्थल पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान और ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया ने संयुक्त रूप से किया। कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति के नाम डीसी की गैर मौजूदगी में ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया।




### शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

ज्ञापन सौंपने के बाद पत्रकारों से बातचीत में शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि देश की शिक्षा और परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता बनाए रखने में केंद्र सरकार पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार विवाद सामने आ रहे हैं, जिससे लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा देने की मांग की।

### बल का प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरित

*कमल दिवान ने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों पर बल प्रयोग करना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। राष्ट्रपति के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेस ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे, परीक्षा संबंधी अनियमितताओं और भर्ती में देरी के मुद्दे पर संसद में विस्तृत चर्चा कराने तथा नई दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे छात्रों के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने की मांग की। इस दौरान पूर्व विधायक जगबीर मलिक, पूर्व विधायक सुखबीर फरमाना, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, जयवीर आंतिल, जय भगवान आंतिल, उपाध्यक्ष प्रशांत शर्मा, उपाध्यक्ष अमन दीप परासर,संगठन महासचिव मुकेश पन्नालाल, कोषाध्यक्ष नीटू दहिया, महासचिव राजेश सेवली, सौरभ सचदेवा, बिन्नी भारद्वाज पार्षद नवीन कुमार, अंकित मेहता, राजेश कालूपुर, अमित मंडल, अनूज जैन, कुलदीप, बबला मलिक, नरेंद्र हुड्डा, जयवीर राठी, विक्की, सोनू वर्मा, संदीप आंतिल, राकेश मदान रणदीप दहिया, रविंद्र मलिक, आदि मौजूद रहे।*

## 30 वर्ष पुराने भूमि अधिग्रहण मुआवजा विवाद का हुआ समाधान



**सोनीपत।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए) और हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (एचएएलएसए) के मार्गदर्शन में आयोजित समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत)-2026 के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत को लगभग 30 वर्ष पुराने भूमि अधिग्रहण मुआवजा विवाद के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता मिली है। दविंदर सिंह एवं अन्य बनाम राज्य हरियाणा एवं अन्य मामले में लंबे समय से लंबित भूमि अधिग्रहण मुआवजा विवाद को मध्यस्थता एवं सुलह केंद्र, सोनीपत में प्री-लोक अदालत सुलह प्रक्रिया के लिए रखा गया। सुलह बैठक के दौरान पक्षकारों और संबंधित विभागों के बीच विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में भूमि अर्जन अधिकारी, शहरी संपदा विभाग, रोहतक ने कार्यालय आदेश के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय 'सुखदेवी (मृतक) बनाम राज्य हरियाणा एवं अन्य' के अनुसार मुआवजा राशि जारी करने पर सहमति जताई, जिसे याचिकाकर्ताओं ने स्वीकार कर लिया। इससे वर्षों पुराने विवाद के सौहार्दपूर्ण समाधान का मार्ग प्रशस्त हुआ। यह कार्यवाही मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत प्रचेता सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

**कार्यक्रम** ब्राइट स्कॉलर स्कूल में तिरंगे के सम्मान और राष्ट्रीय एकता का दिया संदेश

## राष्ट्रीय ध्वज दिवस पर छात्रों में जागृत की देशभक्ति की भावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को राष्ट्रीय ध्वज दिवस उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से तिरंगे के सम्मान और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र और प्रार्थना से हुई। इसके बाद खुशी ने 'आज का विचार' प्रस्तुत किया तथा मुख्य समाचार की सुर्खियां सुनाई गईं। छात्रा वान्या ने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे पर आधारित देशभक्ति से ओतप्रोत हिंदी कविता सुनाकर सभी विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति का उत्साह भर दिया।




**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर में प्रतिभागी विद्यार्थियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

### राष्ट्रीय ध्वज देश की आन, बान और शान का प्रतीक

इस अवसर पर सिया मलिक ने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के महत्व पर ज्ञानवर्धक भाषण दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को तिरंगे के सम्मान की रक्षा करने और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने के लिए प्रेरित किया। स्कूल की प्राचार्या डॉ. किरण दलाल ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय ध्वज देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से एकता, अखंडता और देशभक्ति के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने तथा जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## वर्ल्ड एकेडमी में तिरंगा फहराकर जताया राष्ट्रप्रेम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी में राष्ट्रीय ध्वज दिवस उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता को समर्पित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नाटक, कविता, भाषण, रोल प्ले, पोस्टर निर्माण तथा अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के प्रति अपना सम्मान और राष्ट्रप्रेम व्यक्त किया।



### विद्यार्थियों ने दी आकर्षक प्रस्तुतियां

विद्यालय के चार सदनों जल, वायु, अग्नि और पृथ्वी के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या चंचल शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, उसके गौरव तथा राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मीनू शर्मा तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। सभी ने विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रस्तुतियों और देशभक्ति की भावना की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।